1- दिनाँक 27.09.2020 को थाना प्रेमनगर झाँसी पुलिस द्वारा अन्तरराज्जीय लूट गैंग के शातिर सदस्य/अभियुक्त आमीन खान उर्फ आमिर पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी निचरोली थाना सिविल लाइन जनपद दतिया म0प्र0 उम्र करीव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक अदद तमंन्चा 315 बोर मय 02 अदद कारतूस जिन्दा 315 वोर नाजायज व थाना प्रेमनगर झाँसी पर पंजीकृत मु0अ0स0 229/2020 धारा 394/504/506/411 भादवि से सम्बन्धित एक अदद मतदाता पहचान पत्र व 750/-रूपये नगद व बरामद हुआ।

लूट का आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

झाँसी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर निगवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजौली चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार तिवारी, सिपाही आनन्द अग्निहोत्री व राहुल दुबे सन्दिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने डगरिया तिराहा के पास बने प्रतीक्षालय के पास से दतिया (मप्र) के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम निचरोली निवासी अन्तर्राज्यीय लूट गैंग के सदस्य आमीन खाँ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने लूट की घटना को अन्जाम दिया था। उसके पास से तमंचा व 2 ज़िन्दा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास है। उसके विरुद्ध दतिया व झाँसी जनपद में मुक़दमें दर्ज हैं।